## रामनवमी के विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए सांसद, जगह जगह हुआ श्रीराम की झांकी का स्वागत, भंडारे भी हुए

# रामलला के जयकारों से गूंज उठा शहर, निकाली गई भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के हृदय स्थल में स्थित सत्य धर्म मंडल द्वारा संचालित श्री राम मंदिर में श्री रामनवमी के अवसर पर दोपहर ठीक 12:00 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्री राम स्तुति का पाठ, भजन कीर्तन एवं महा आरती की गई। आरती में मुख्य रूप से सांसद बंटी विवेक साहू, सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी सचिव सतीश दुबे लाला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रातः 09 बजे मंदिर में झंडा वंदन किया गया तथा 10 बजे से श्री सत्यधर्म रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति



दी गई।श्री राम मंदिर छोटी बाजार से लगभग 150 वर्षों से श्री राम नवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की झांकियों को नगर भ्रमण कराया जाता है, इसी क्रम में शाम 07 बजे छोटी बाजार से झांकियां निकली। यह शोभायात्रा छोटी बाजार से निकलकर मेन रोड, गोलगंज, फब्बारा चौक, अनगढ़ हनुमान मंदिर, बुधवारी बाजार, श्री बड़ी माता मंदिर के सामने से पुराना पावर हाउस, गणेश चौक एवं शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस छोटी बाजार पहुंची। श्री राम मंदिर में प्रतिदिन होने वाली आरती श्री सत्यधर्म संकीर्तन मंडल द्वारा भव्यता से की गई। शाम को निकली शोभायात्रा में भगवान श्री राम, माता जानकी एवं हनुमान जी को मनमोहक झांकी बनाई गई। इसके साथ ही श्री तुलसी रामायण संकीर्तन मंडल, संगीत रामायण मंडल एवं सत्य धर्म मंडल की झांकी भी प्रमुख रूप से शोभायात्रा में शामिल हुई। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जनमानस की उपस्थिति रही।

सांसद बंटी विवेक साहू रामनवमी के अवसर पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये। रविवार को शहरवासियों को सांसद श्री साहू का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। सांसद श्री साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बाइक से ही निकल पड़े थे। सुबह से रात तक शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में वे बाईक से ही जाकर शामिल हुये। रामनवमी के अवसर पर सांसद श्री साहू सुबह छोटी बाजार भगवान श्री राम जी की आरती और अभिषेक मे सहपरिवार शामिल हुए। इसके बाद वे दोपहर में वार्ड नं. 14 लालबाग चौक और वार्ड नं. 48 आर्मी पब्लिक स्कूल के पास परतला में नवरात्रि के कार्यक्रम में शामिल हुए। शाम को उन्होंने छोटी बाजार श्री साईं मंदिर के पास आयोजित तुलसी रामायण मंडल के आरती कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री राम का आर्शीवाद लिया। शाम को संतोषी माता मंदिर चार फाटक में उन्होंने राम रथ यात्रा का शुभारंभ किया और छोटी बाजार राम मंदिर में श्री राम जी की शोभायात्रा में शामिल हुए। सांसद श्री साहू रात में फव्वारा चौक में सुंदरकांड ग्रुप द्वारा आयोजित शोभायात्रा में प्रमुख रूप से शामिल रहें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजन समितियों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शहरवासी कार्यक्रमो में शामिल रहें।

### सांसद आज विभिन्न कार्यक्रमों शामिल होंगे

**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री बंटी विवेक साहू 7 अप्रैल को जिले मे आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद श्री साहू दोपहर 3 बजे ग्राम जाटाछापर में बंगाली माता मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे । शाम 7 बजे ग्राम भोकई में सिध्द बाबा मंदिर में आयोजित विशाल देवी जागरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे भायदे कॉलोनी छिंदवाड़ा जंवारे एवं हवन पूजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### छिंदवाड़ा चौरसिया समाज ने निकाली वाहन रैली



**छिंदवाड़ा :** छिंदवाड़ा चौरसिया समाज द्वारा आज रामनवमी के पावन अवसर पर वाहन रैली निकाली गई जो की चौरसिया मंगल भवन से प्रारंभ हुई एवं चित्रांश भवन होते हुए चौरसिया मोहल्ला छोटी बाजार छापाखाना होते हुए बुधवारी बाजार पंकज टॉकीज षष्ठी माता डोमन गुरु बाबा मंदिर पहुंची जहां समाज के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया और सामाजिक बंधुओं ने भगवान श्री रामचंद्र जी का अभिषेक कर भजन कीर्तन के साथ महाआरती की गई तत्पश्चात विशाल वाहन रैली मेन रोड इंदिरा तिराहा से होते हुए फव्वारा चौक पहुंची जहां सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ नृत्य करते हुए गोलगंज होते हुए छोटी बाजार श्री राम मंदिर पहुंचे जहां भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया गया ओर महाप्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर श्री रामचंद्र जी की आकर्षक झांकी ने मनमोह लिया। एवं वाहन रैली का समापन किया गया वहीं चित्रांश भवन में सामाजिक बंधुओं के लिए सामाजिक भोज का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर चौरसिया समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



### रामजी की निकली सवारी, रामजी लीला है न्यारी से गूंज उठा कोयलांचल



**परासिया ।** कोयलांचल में राम नवमी बेहद धूमधाम , सौहार्द , उत्साह और भक्ति भाव से मनाई गई । राम जी की निकली सवारी , राम जी की लीला है न्यारी और राम भक्ती गीतों , भजनों से कोयलांचल की गलियां गुंजायमान हुई । रात्रि के समय मनमोहक चलित झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही । जगह - जगह भंडारे का आयोजन हुआ ।

**प्रभात फेरी में उमड़ा जन सैलाब :-** देखा जाए तो कोयलांचल में कई स्थानों पर प्रभात फेरियां निकाली , पर परासिया और चांदामेटा में नवरात्रि के पहले दिन से ही प्रभात फेरी में जन सैलाब उमड़ता दिखाई दिया । नगर के गली कूचों से राम नाम के भजन गाते भक्तों का जन सैलाब देखते ही बना । वहीं अन्य समुदाय के लोगों ने भी भक्तों पर फूल बरसा कर , फल आदि देकर सौहार्द और प्रेम , भाई चारे की मिसाल पेश की । मंदिरों में लगी रही भीड़ :- नवरात्रि के अवसर पर हर नगर , कस्बे और गांवों के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही । महिलाओं के अपने - अपने मंडल मंदिरों में भजन , कीर्तन करते नजर आए ।

**परासिया और चांदामेटा में हुए विशेष कार्यक्रम :-** राम नवमी के अवसर पर परासिया में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा और चांदामेटा में राम जन्मोत्सव समीति के द्वारा विशेष धार्मिक आयोजन किए गए । इसके अलावा और भी संगठनों के द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया ।

## नगर में निकली भव्य श्रीराम शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए भगवान श्रीराम का जयघोष किया गया, मुख्य आयोजन सौसर नगर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के द्वारा किया गया, श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर संपूर्ण नगर को भगवा पटकाओं एवं रंग बिरंगी रोशनीया, स्वागतद्वार, बैनर पोस्टर से सजाया गया है,दोपहर 12 बजे सिविल लाईन्स स्थित हनुमान मंदिर में उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केन्द्र की साधिकाओं, समिति संरक्षक संजय राठी अध्यक्ष अजय अढ़ाऊ, इंदरचंद डागा, मारुति लोणारे,पिंटू मानेकर,उदय ढाले की प्रमुख उपस्थिति में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कबीर बनुकर सोसायटी परिसर से सौ रेखाताई कंटक द्वारा भगवान श्री राम के प्रतिमा पूजन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया,नगर में निकली भव्य झांकी एवं शोभायात्रा का नगर वासियों के द्वारा जगह-जगह पर चाय, मि ठा ई , स्व ल्पा हा र , पोहा,आइसक्रीम आदि का वितरण करते हुए स्वागत सत्कार किया, श्री राम जन्मोत्सव समिति सौसर अध्यक्ष अजय अढ़ाऊ ने बताया दोपहर 12 बजेभगवान श्रीराम का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया, भारत माता चौक के पुरातन श्रीराम मंदिर में भी बागानी परिवार की ओर से श्रीराम जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए भगवान श्री राम का जन्म दिवस मनाया गया।

नगर के खडतकर कॉलोनी में बने श्रीराम मंदिर में नवमी पर रविवार को प्रातः 6बजे भगवान श्रीराम के अभिषेक से किया गया, माँ कात्यायनी जागरण सौसर ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति में गीतों की प्रस्तुतिया देते हुए दर्शकों की बार-बार तालियां बटोरी, श्री राम मंदिर से जुड़े दिनेश खड़तकर करने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्मदिवस भक्ति में कार्यक्रमों के साथ मनाया गया, जन्मदिवस पर श्रीमूर्ति का अभिषेक मंगल आरती भक्ति में भजनों की प्रस्तुति और महाप्रसाद का वितरण भी किया गया,ग्राम पारड़सिंगा में स्थित पुरातन श्री राम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ श्री राम भक्तो द्वारा फूलों की वर्षा कर एवं गुलाल उड़ाकर राम का जन्मदिन मनाया गया।

### श्रीरामनवमीं पर सुकरी हनुमान मंदिर से निकली विशाल वाहन रैली

**जुन्नारदेव:** नगर के प्रत्येक मंदिर में भगवान श्री रामजी के प्रगट उत्सव के अवसर पर सनातनी वर्ग में हर्ष उल्लास का माहौल है। श्री राम मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का प्रकट उत्सव मनाया गया। इस दौरान वैदिक मंत्र उच्चारण, घंटियो की सुमधुर ध्वनि एवं उपस्थित भक्तों के भगवान श्री राम के जय घोष के बीच भगवान श्री राम का प्रकट उत्सव संपन्न हुआ। इसके पश्चात मंदिर में भगवान श्री राम जी की भव्य आरती का गायन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारीजन, जनप्रतिनिधि गण, मीडिया कर्मी सहित बड़ी संख्या में सनातनी धर्म अनुयाई मौजूद थे।सुकरी ग्राम से निकली भव्य विशाल वाहन रैली, जगह-जगह भंडारों से किया गया स्वागतश्री रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष नगर के प्रारंभिक बिंदु सुकरी ग्राम, वार्ड क्रमांक 18 से विशाल वाहन रैली प्रारंभ हुई। श्री महाकाल सेवा समिति जुन्नारदेव के आग्रह पर समस्त सकल हिंदू समाज के द्वारा यहां से एक विशाल वाहन रैली रवाना हुई।

## राम मदिर में स्थापित है 9 मंजिला स्तंभ, भीतर है 201 करोड़ बार राम नाम लिखे हुए प्रपत्र

# 2006 में चारों शंकराचार्यों ने स्थापित किया था यह स्तंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

स्थानीय गुजरी बाजार श्रीराम मार्केट परिसर में स्थित राम मंदिर में एक 9 मंजिला स्तंभ है जिसमें 201 करोड बार राम नाम लिखे हुए दस्तावेज रखे है। इस 9 मंजिला स्तंभ पर 324 बार राम नाम अंकित किया गया है। 3, 2, और 4 का योग 9 है और इसमें मंजिलों की संख्या भी 9 है। इस मंदिर के संस्थापक सदस्य प्रवीन पालीवाल ने बताया कि इस स्तंभ को 7 अप्रैल 2006 में चारों पीठ के शंकराचार्यों ने स्थापित किया था।

इस स्तंभ की उंचाई 72 फिट है। इस स्तंभ में लगे राम नाम की चौडाई 9 इंच है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुस्तकों में राम नाम का लेखन कार्य 1990 में शुरू हुआ था जो 2006 तक चलता रहा है। इसके लिए मंदिर संस्थान की ओंर से आम नागरिकों को निशुल्क रूप से कॉपियां दी जाती थी। लोग राम नाम लिखकर कॉपियां जमा कराते और दूसरी रिक्त कॉपियां पुनः राम नाम लिखने के लिए लेकर जाते थे। प्रवीन पालीवाल के अनुसार पांढुर्ना देश के मध्य बिंदु पर जीरो माइल पर स्थापित है। इस मंदिर में प्रतिवर्ष राम जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है जिसमें मनोहारी झांकियों का प्रदर्शन किया जाता है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मण्डला के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला मण्डला द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे पिता अकल सिंह धुर्वे उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भीमडोंगरी बड़ेटोला थाना मोतीनाला जिला मण्डला को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि दिनांक 16.01.2024 को थाना मोतीनाला में सूचना प्राप्त होने पर सउनि लिख्खन सिंह द्वारा तस्दीक हेतु जाने पर ग्राम भीमडोंगरी पहुंचे। प्रार्थी मनोज कुमार परते से पूछताछ कर देहाती नालसी लेख की। प्रार्थी मनोज कुमार परते ने बताया कि दिनांक 16.01.2024 के समय 12.20 बजे वह अपने घर से तालाब की ओर जा रहा था, तालाब से सतियाबाई दौड़ते हुए आ रही थी और उसे आवाज देकर बुलाई और बताया कि रामप्रसाद धुर्वे बसूला लेकर मुलिया बाई को दौड़ा रहा है, तब उन दोनो ने तालाब जाकर देखा कि रामप्रसाद धुर्वे बसूला से मुलिया बाई के सिर पर मार रहा था, वह लोग बचाने के लिए पास जाने लगे, तो रामप्रसाद धुर्वे मुलियाबाई को तालाब में फेंककर उनकी तरफ बसूला लेकर मारने दौड़ा तब वे लोग दौड़कर गांव की तरफ भागे और 100 नंबर फोन लगाकर सूचना दिया और गांव के लोगों को इकट्ठा कर तालाब में गांव के आनंद सिंह, नर्मदा प्रसाद, रनमत बाई के साथ तालाब जाकर देखा तो रामप्रसाद वहां से चला गया था और मुलिया बाई की साड़ी पानी में दिख रही थी, तब वह तालाब के अंदर जाकर मुलियाबाई को पानी से बाहर निकाला और देखा तो मुलियाबाई के सिर में दाहिने तरफ कनपटी में बायें तरफ से बसूला मारने से गहरी चोट के निशान थे, चोट लगकर खून निकल रहा था, मुलियाबाई मर चुकी थी, रामप्रसाद धुर्वे, श्यामलाल परते के फुआ का लड़का है, जो शराब पीता रहा था, जिसके श्यामलाल और उसकी पत्नि मुलियाबाई मना करते थे कि शराब मत पिया कर। डांट डपट देते थे, इसी बात को लेकर रामप्रसाद धुर्वे ने मुलियाबाई के साथ लोहे के बसूला से सिर व कनपटी में मारपीट कर हत्या की है, मुलियाबाई की मृत्यु रामप्रसाद धुर्वे निवासी बड़ेटोला के द्वारा सबूला मारने पर सिर व कनपटी में गंभीर चोट पहुंचाने से ही हुई हैं, घटना को उसने तथा सतियाबाई ने देखा है उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर थाना मोतीनाला के द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे के विरूद्ध धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रामप्रसाद धुर्वे पिता अकल सिंह धुर्वे उम्म्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भीमडोंगरी बड़ेटोला थाना मोतीनाला जिला मंडला को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन अपर लोक अभियोजक ब्रजेश चौरसिया के द्वारा किया गया।

**अनदेखी** | खबर के बाद भी नहीं किया गया था रेस्क्यू।

# भुआबिछिया में एक अल्प आयु बाघिन की मौत

*** वन विभाग की लापरवाही उजागर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



यह खबर बिछिया तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर बंजारी के समीप गिट्टी टोला के पास की है जिसमें शनिवार की सुबह 14 से 15 माह की एक बाघिन का शव मिला है। जिसकी उम्र बहुत कम है, जो बीमारी से लड़ सकती थी उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हुई जिसमें जाँच होना अतिआवश्यक है। स्थानीय लोगों के अनुसार दो दिनों से बाघिन भूखी प्यासी बीमार स्थिति में घूम रही थी वन विभाग चाहता तो उसको रैस्क्यू कर इसका उचित इलाज किया जा सकता था लेकिन कहीं न कहीं वन विभाग की लापरवाही से कान्हा नेशनल पार्क की बाघिन की मौत हो गई।

यदि कोई व्यक्ति बाघ की जान लेता है तो उसे कठोर दंड मिलता है लेकिन यदि वन विभाग की लापरवाही से किसी बाघ की मौत होती है तो उसके लिए इन अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। ख़बर होने के बाद भी दो दिनों से बाघ के रैस्क्यू करने के बजाय वन विभाग के अधिकारी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया। जिससे बाघिन की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उक्त तस्वीर बिछिया से 3 किलोमीटर दूर बंजारी के समीप गिट्टी टोला के पास की है जिसमें आज सुबह 14 से 15 माह की एक बाघिन का शव मिला है जिसकी उम्र बहुत कम है, जो बीमारी से लड़ सकती थी उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हुई जिसमें जाँच होना अतिआवश्यक है स्थानीय लोगों के अनुसार दो दिनों से बाघिन भूखी प्यासी बीमार स्थिति में घूम रही थी वन विभाग चाहता तो उसको रैस्क्यू कर इसका उचित इलाज किया जा सकता था लेकिन कहीं न कहीं वन विभाग की लापरवाही से कान्हा नेशनलपार्क की बाघिन की मौत हो गई। यदि कोई व्यक्ति बाघ की जान लेता है तो उसे कठोर दंड मिलता है लेकिन यदि वन विभाग की लापरवाही से किसी बाघ की मौत होती है तो उसके लिए इन अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए फोटो में दिखने वाले अधिकारी इस तरह से मुस्कुरा रहे हैं जैसे किसी जश्न या पर्व में सम्मिलित हुए हो दो दिनों से बाघ के रैस्क्यू करने के बजाय ये अधिकारी कहाँ लापता थे जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना चाहिए।

## भाजपा भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प: बंटी विवेक साहू

# सांसद की उपस्थिति में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम प्रातःकाल में ही अपने घर पर भाजपा का झंडा फैराया। इसी के साथ ही सारना मंडल के ग्राम पंचायत सिहोरा मडका के बूथ क्रमांक 128-129 में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के बीच भी स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया था। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक-दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भारतीय जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केंद्र में विद्यमान है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू के निवास स्थान पर प्रमुख रूप से महापौर विक्रम अहके, विट्टू मंडराह, विश्वेंद्र बैस, लक्की पाल, रवि मालवी, शुभम साहू, अंकित तिवारी, अंकित सोलंकी, अंकित कपाले सिहोरा मडका में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, हरीश साहू, संतोष चंद्रवंशी, संतोष सूर्यवंशी, यमुना साहू, सेवक बंदेवार, योगी राम साहू, राहुल मालवीय, संदीप चंद्रवंशी, निरंजन ठाकुर, प्रथ्वी रघुवंशी, श्यामा सोनी, मानसिंह चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा ने मनाया 45 वां स्थापना दिवस

**परासिया** : रविवार 6 अप्रैल को भाजपा कार्यालय परासिया में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के लिए समर्पित रहते हुए अपनी मेहनत से पार्टी को शिखर पर ले जाने वाले परासिया के सभी पूर्व मंडल अध्यक्षों और पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण कपूर का भाजपा मंडल परासिया द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास की जानकारी दी और पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए जनसंघ के जमाने से पार्टी का काम कर रहे वरिष्ठ नेताओं से प्रेरणा लेने की बात कही। वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कपूर ने एकात्म मानववाद को कार्यकर्ताओं के समक्ष परिभाषित किया। विधासभा प्रभारी ज्योति डेहरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से समर्पित भाव से और पूरी ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करने की बात कही। इस कार्यक्रम को पूर्व मंडल अध्यक्ष सज्जू तिवारी, परमजीत सिंह और श्री चन्द पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुखनंदन जावरे, विनोद मालवी, नरेंद्र विश्वकर्मा, रूपेंद्र डेहरिया, हरिश्चंद्र अग्रवाल, राजकुमार सिंग उपस्थित थे।



## तपोभूमि में हुआ सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा, एवं भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से शनिवार को जाखिवाड़ा की तपोभूमि परिसर प्रियदर्शी महान सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई, कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में तथागत धम्म प्रकल्प समिति अध्यक्ष सहादेवराव गोडबोले, चंद्रभान बागडे, डॉ वाय.एल.ठवरे, एस.आर, शेंडे, जागेश्वर बागड़े, अशोक शेंडे, श्रीमती नंदाआई बागडे, प्रहलाद ढोके, रत्नमाला पिसे, देवेंद्र बागड़े, आदि थे, कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत बुद्ध, प्रियदर्शी सम्राट अशोक एवं डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष एवं तथागत धम्म प्रकल्प समिति सचिव डॉ अशोक भगत ने बताया कि समिति के माध्यम से तपोभूमि में तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 20 फुट की प्रतिमा निर्माण किया जा रहा है जो इस वर्ष ही पूर्ण हो जाएगा, साथ ही बहुजन नायकों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि महान सम्राट अशोक के द्वारा विश्व में बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए जीवन भर कार्य किया 84000 बौद्ध विहारों का देश में निर्माण किया है, नालंदा तक्षशिला बौद्ध विश्वविद्यालय के कारण ही भारत को विश्व गुरु कहा जाता था, आज सम्राट अशोक के विचारों को देश को अत्यंत आवश्यकता है, कार्यक्रम का संचालन आनंद शेंडे ने किया।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

रविवार को भाजपा नगर मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर भारतीय जनता पार्टी का 45 व स्थापना दिवस मनाया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, अखिलेश शुक्ल सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ओर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान आतिशबाजी ओर मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ल, रमेश सालोडे ने भाजपा की अब तक की यात्रा पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। मुख्य रूप से नगर मंडल के अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सेन, राजेश श्रीवास्तव, मोनू जैन, पार्षद संजय जैन, प्रमोद बंदेवार, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमित यादव, अनिरुद्ध चटर्जी, भूषण अरोरा, सोनू चौहान, राजेंद्र यादव, शरद कुरोलिया, नितेश राजपूत, राजेश उइके, देवेंद्र टांडेकर, कपिल शुक्ला, जितेंद्र सूर्यवंशी, विपिन बिंदवारी, पवन टांडेकर, अकरम खान सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर सौंसर में हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के वार्ड नंबर 13 सिविल लाईन के गायत्री नगर में राजीव जायसवाल के निवास स्थान पर जिला भाजपा पांढुर्ना के निर्देशानुसार बूथ क्रमांक 167 पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मनाया गया इस दोरान भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी, श्यामाप्रशाद मुकर्जी के प्रतिमा का पूजा अर्चना दीप प्रज्जवित श्रद्धा सुमन के फूल अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। पूर्व पार्षद राजीव जायसवाल, पार्षद रविशंकर धुर्व, एड दिनेश भकने, अधिवक्ता सूर्यकान्त ढोके, ओमप्रकाश जायसवाल, धीरज सिंह चंदेल, राजेंद्र बत्रा, विष्णु वाघ, किशन हिवरकर, रमेश जूनघरे विजय बेंडे, प्रमोद जाम्बुलकर आदि थे।

### परीक्षा तिथि बढ़ी म.प्र. मदरसा बोर्ड की कक्षा 10वीं-12वीं उर्दू माध्यम के परीक्षा आवेदन 15 अप्रैल तक

**जुन्नारदेव** : म.प्र. मदरसा बोर्ड की सत्र 2025 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं-12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के आवेदन-पत्र भरने की सुविधा अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से 15 अप्रैल 2025 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इन परीक्षाओं को भारत सरकार एवं राज्य शासन से मान्यता एवं समकक्षता प्राप्त है। अधिकृत अध्ययन केन्द्रों एवं छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन-पत्र भरने से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भलिभांति अवलोकन कर लें, जिससे की आवेदन-पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। दिशा-निर्देश मदरसा बोर्ड की वेबसाइट **https://mpmb.org.in/** पर उपलब्ध हैं। ऐसे विद्यार्थी जो पांचवी/आठवीं उत्तीर्ण /अनुत्तीर्ण है जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो गई है वह 10 वी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को 9 बार परीक्षा देने के अवसर प्राप्त होते हैं। छिंदवाड़ा जिले का अधिकृत अध्ययन केन्द्र क्रमांक 3309 मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव है। इसके अध्ययन केंद्र प्रभारी मोहम्मद ताहिर 9424648632 से संपर्क कर सकते है।

### ग्रामीण क्षेत्र में हुआ विकास कार्यों लोकार्पण भूमिपूजन

**सौंसर।** शनिवार को विधायक विजय चौरे के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जोबनढाना में विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से अतिरिक्त निर्माण कार्य ओर ग्राम खापा में रंगमंच निर्माण कार्य हेतु विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया, पूर्व सांसद नकुल नाथ की सांसद निधि लागत राशि 2 लाख रुपए से निर्मित ग्राम पंचायत परिसर में कला मंच का लोकार्पण, बाऊली गोंदी में विद्युत पोल 12 नग लागत राशि 2 लाख 40 हजार एवं धर्मपाल सोमकुवर के खेत से अशोक बागड़े के खेत तक लागत राशि 50 हजार रुपए के 3 नग विद्युत पोल विधायक निधि से प्रदान किए गए जिसका लाभ अब किसानों को विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर फसलों की सिंचाई करने में होगा, आयोजन में दिलीप सोमकुंवर, चंद्रशेखर गुर्वे, प्रकाश हनवते, सरपंच अनिल सोमकूवर, उपसरपंच शैलेंद्र बागड़े, राजू सोमकुवर, सतीश पाटिल, जागेश्वर ढोमने, संदीप लोणारे, अजय कोडपे मौजूद आदि थे।



### गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 9 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य अब 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। पहले यह पंजीयन का कार्य 20 जनवरी से 31 मार्च तक किया जाना था। शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा 175 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस की घोषणा की गई है। इस तरह रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में गेहूं की खरीदी शासन द्वारा 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जावेगी।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग के एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर में मूट कोर्ट विषय अंतर्गत उच्च न्यायालय जबलपुर की न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु विद्यार्थियों को भ्रमण पर ले जाया गया तथा उच्च न्यायालय जबलपुर के विभिन्न कोर्ट रूम में विद्यार्थियों के समूह बनाकर बैठाया गया तथा कोर्ट की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। उक्त भ्रमण प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में तथा विधि विभाग के सदस्यों के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न हुआ। भ्रमण में विधि विभाग से 23 छात्र छात्राएं एवं केशव प्रसाद पाण्डेय विभागाध्यक्ष, डा समीर कुमार भैंसारे विषय प्रभारी, भरतसिंह ठाकुर, सतीश बैस, डॉ. चेतना उपाध्याय एवं गौरीशंकर नौरिया उपस्थित रहे।

### राम नवमी आज, होंगे विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में चैत्र नवरात्र पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जिलेवासी माता की आराधना में लीन है। वही आज रामनवमी पर जिले भर में अनेकों आयोजन किए जावेंगे। नगर के सदर स्थित खेरीपती माता में भक्तों द्वारा जल ढारने का क्रम जारी है।

### वृक्ष प्रदान कर स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई का सात दिवसीय इकाई शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशू गौतम द्वारा जबलपुर के भेड़ाघाट में किया गया जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से जिले का प्रतिनिधित्व दलनायक गणेश प्रजापति एवं आशुतोष मेहरा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सात स्वयंसेवको में रोहित नोरिया, मनीषा राजपूत, कविता यादव, वेदांत दुबे, ब्रजेश चैधरी, नंदनी ठाकुर, दिनेश अग्रवाल ने शिविर में सहभागिता कि इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.बी. सिंह के नेतृत्व में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुक्त इकाई शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों को उपहार के रूप में वृक्ष प्रदान कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में शिविर में सहभागिता करने वाले



## सामूहिक रूप से पौधरोपण कर स्थल की गई साफ- सफाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरसला में चैक डेम में सिल्ट व गहरीकणर का कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन सरसला में पौधरोपण और रोपे गये पौधों के स्थल की साफ- सफाई की गई। यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड करेली के सेक्टर सुआतला की नवांकर संस्था रमपुरा व विकासखंड नरसिंहपुर की नवांकुर संस्था, यू साथी सेवा समिति नरसिंहपुर व ग्राम पंचायत सरसला के तत्वावधान में किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर जयनारायण शर्मा ने बताया कि वर्षा जल संचय करने, भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने, किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, पशु- पक्षियों और जीव- जंतुओं को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इस उद्देश्य से उक्त चैक डेम में गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर सरपंच दीपक गुमास्ता, सचिव रणधीर सिंह लोधी, पंचायत का अमला, नोडल अधिकारी राहुल सेन, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता दुर्गेश गुमास्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था रमपुरा के भगवान सिंह, राजा लोधी, रवि नोरिया, यू साथी सेवा समिति नरसिंहपुर की श्रीमती तृप्ति पारे, श्रीमती जरीना, वर्षा मेहरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सरसला के अध्यक्ष दीपक लोधी, सचिव दुर्गेश लोधी, ग्राम कोटवार और ग्रामीण जन मौजूद थे।

### लीनेस क्लब द्वारा कन्या पूजन का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्र मां की आराधना एवं भक्ति का त्यौहार है इसमें कन्या पूजन भी हमारी परंपरा है जो कि हम बहुत ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं लीनेस क्लब संस्कार ने नन्ही मुन्नी कन्याओं को चुनरी उड़ाकर, तिलक एवं महावर लगाकर उन्हें भोजन कराया एवं बहुत ही गिफ्ट प्रदान किया साथ ही मां शारदे की भक्तों का आयोजन किया जिसका सभी ने पूर्ण भक्ति भाव से आनंद लिया इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति तिवारी, सचिव मनीषा पुरोहित कोषाध्यक्ष ज्योति पचौरी के साथ लीनेस बलजीत कौर कुसुम राजपूत की उपस्थिति प्रमुख रही। इस कार्यक्रम में मां दुर्गा महिला मंडल की सदस्य सरोज शर्मा, तुलसा पटेल, किरण नेमा नीति सोनी, श्यामा सोनी, उषा पटेल, राधा मेहरा आदि का अमूल्य सहयोग रहा।

### जहरीली वस्तु के सेवन से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अर्चना पति मनीष अग्रवाल उम्र 26 वर्ष निवासी देवरी राजमार्ग द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र करेली ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### 1024 अर्घ्य समर्पित कर की गई सिद्धों की महार्चना



**तेंदूखेडा।** दिगंबर जैन मंदिर परिसर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान श्रद्धालु भक्त श्रावकों की अद्भुत भक्ति उत्साह से भरपूर सज्ञभागिता से धर्म प्रभावना के साथ आज समापन होगा। 30 मार्च से प्रारंभ विधान में प्रतिदिन सुबह शाम पूरा पंडाल श्रद्धालु भक्तों से भरा हुआ उनकी श्रद्धा एवं भक्ति का दिग्दर्शन कराता रहा। विधान के आठवें दिन प्रातः 6 बजे से विधान के विधानाचार्य श्रद्धेय ब्रम्हचारी संजीव भैया पं कमल कुमार शास्त्री पं मयंक के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ श्री जी का अभिषेक विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगल भावना के साथ शांति धारा की गई। तदुपरांत विधान प्रारंभ हुआ जिसमे जिन सहस्त्रनाम स्तोत्र के रुप में भगवान के 1008 गुणों के प्रतीक 1008 नामों के साथ अनंतानंत सिद्धों को 1024 अर्घ्य समर्पित करके सिद्ध परमात्माओं की महार्चना की गई। आज 6 अप्रैल रविवार को सुबह विधान का समापन शांतियज्ञ हवन के साथ सम्पन्न होगा। सुबह 8.30 बजे से जिनेन्द्र देव शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के मुख्य मार्गों से चलकर जैन मंदिर प्रांगण में समापन होगा। इन दिवसों में रात्रि के समय मंगल आरती प्रवचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया इनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

## जन आस्था का केंद्र बना कंकाली देवी मठ

### नवरात्रि में दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

**तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना का महापर्व चैत्र नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु जन अपनी-अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत रखकर माता रानी की साधना करने आतुर बने हुए हैं। वहीं प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा में स्थित कंकाली मठ जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही मां को जल अर्पित करने के लिए कतार बद्ध हो जाते हैं। शाम के समय आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। हमारे प्रतिनिधि को कंकाली मठ के पुजारी भोले शंकर कन्हौआ और संरक्षक तेजराम पंडा ने बताया कि जन आस्था के केंद्र बने इस मंदिर में विराजमान मां राज राजेश्वरी कंकाली देवी की आलौकिक प्रतिमा स्थापित है यहां माता रानी का रोज आलौकिक रूप में श्रृंगार किया जाता है। चैत्र और शारदीय नवरात्र में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने सपरिवार पहुचते हैं। इस मंदिर को मनोकामना पूर्ति मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

### श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास ने कहा

## गौ, गंगा, गीता को बचाने की जरूरत

**तेंदूखेड़ा।** आज हमारा जीवन सुविधा भोगी हो गया है। हम घरों पर ही थैली का दूध से काम चला रहे हैं। गंगा और नर्मदा मैया का जल केवल शीशियों तक सीमित कर लिया है। इनमें जाकर बाहन धो रहे हैं। और गीता जैसे महाग्रंथ घरों में बिरली हो गई है। हमें इनके संरक्षण की विशेष जरुरत है। उक्त अमृत वचन क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विद्वान पंडित भागवत किंकर उपाधि से अलंकृत पं कृष्णकांत शास्त्री ने समीपी ग्राम टेकापार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कही। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि आज गौ माता की जगह सड़कों पर और कुत्तों की जगह घरों के भीतर हो गई है। प्रतिदिन गौ माता सड़कों पर असमय काल के गाल में समाती पड़ी हुई दीन हीन स्थिति में देखी जा रही है। गौ माता का जितने आंसू बहेंगे उसका हमें हिसाब देना होगा। गौ माता के दूध की विशेषता और प्राप्त होने वाली वलिष्ठता का बखान करते हुए स्पष्ट किया कि गौ शालाएं तो खुल रहीं हैं लेकिन उनमें चारे भूसे और पानी की व्यवस्था के साथ गौ माता को विचरण करने वाली उनकी जमीन खाली करने की जरूरत है।

#### माता पिता की सेवा अब दिखावा हो रही

कथा व्यास ने बताया कि जिस मां बाप के द्वारा बच्चों को जन्म से लेकर पढ़ाई लिखाई और शादी विवाह में लाखों रुपए खर्च करके श्रेष्ठ बनाया जाता है वही संतान आज अपने पालकों को वृद्धाश्रमों में छोड़कर आ रही है उनकी सेवा करने से कतराने लगे हैं। यहां तक कि अंतिम संस्कार करने चिता में मुखग्नि देने तक का समय नहीं मिल पा रहा है। जब हम अपने माता-पिता के साथ ऐसा बर्ताव कर रहे हैं तो हमारी संतान भी हमारे साथ ऐसा ही व्यवहार करेगी अभी तक जो बोया वही काटने को मिला है।



#### संस्कार देने की जरूरत

बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर कथा सुन रहें हैं। 16 संस्कारों को वर्णित करते हुए स्पष्ट किया कि हमारे संस्कारों और ज्योतिष को दुनिया अनुशरण कर रही है यहां तक उन पर रिचर्स कर रही है और हम केवल औपचारिकता निभाने लगे हैं। गर्भ में आने से लेकर मृत्यु तक के अंतिम संस्कारो को काफी विस्तार से जानकारी दी। तथा सभी का अपना अलग अलग महत्व बताया। तथा स्पष्ट किया कि यदि हमें पद प्रतिष्ठा मान सम्मान मिलने लगे तो अपने व्यवहार और संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए।

#### कालिया नाथने और गोवर्धन पूजा के पीछे पर्यावरण

शक्तासुर उद्धार गेंद खेलने के बहाने कालिया नाथने और इंद्र का अभिमान घटाने गोवर्धन पर्वत को नख पर उठाकर पूजन के पीछे केवल योगेश्वर भगवन श्री कृष्ण ने पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण का संदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मां बाला भवानी एवं बंजारी माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। रविवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मां बाला भवानी एवं बंजारी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आज श्री राम नवमी के पावन अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सर्वप्रथम ग्राम गणेशगंज स्थित पहाड़ी मंदिर पर विराजित मां बाला भवानी एवं बंजारी मंदिर मे विराजमान बंजारी माता का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात अपने सिवनी बारापत्थर कार्यालय मे पहुंचकर देवी स्वरुपा बालिकाओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के झंडे का झंडा वंदन किया। तथा सभी को श्री राम नवमी एवं स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दिया।

# बंडोल पुलिस ने जान जोखिम में डालकर डीजल चोरों को पकड़ा

**तत्काल गस्त में लगे कर्मचारी प्रधान आरक्षक अमर उईके, आरक्षक नीरज राजपूत एवं 100 डायल में लगे स्टाफ द्वारा अपनी जान जोखिम मे डालकर उक्त गाडी को पकडने पीछा किया गया**

**पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा अवैध गतिविधियो के नियंत्रण व कार्यवाही हेतू सभी थाना को निर्देशित किया गया है। इसी तारत्मय मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी. डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 03.04.25 की सुबह गस्त के दौरान एनएच 44 रोड पर ग्राम राहीवाडा मे सूचना प्राप्त होने पर कि एक सफेद रंग कार में तीन लोग आकर डंफर के डीजल टैंक से डीजल चुराकर सिवनी की ओर भागे है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




जो बिना नंबर की सफेद रंग की स्विफट कार को नेशनल हाईवे में पकड़ा गया, जिसमे सवार तीन डीजल चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। कार को चेक करने पर उसमें 35-35 लीटर की 03 केन में करीब 100 लीटर डीजल एवं 05 केन खाली, एक डंडा, एक देशी कटटा, कारतूस, गाडी की नंबर प्लेट, डीजल निकालने के पाईप एवं कटर आदि सामग्री को जप्त किया गया था।

प्रार्थी डंफर मालिक द्वारा उपरोक्त सबंध में रिपोर्ट की गयी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा घटना दिनांक की सुबह करीब 05 बजे मेरी गाडी से डीजल चोरी करते हुये देखने और आवाज देने पर अज्ञात चोर कार से सिवनी की और भागे और जाते हुये मुझे कटटा दिखाकर धमकाते हुये गये है, फिर मैंने देखा कि गाडी से करीब 100 लीटर से अधिक डीजल चोरी किया गया है जिसकी रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुये जप्त की गयी बिना नंबर की सफेद स्विफट कार के मालिक की तलाश की गयी, जिसकी तलाश के आधार पर आरोपीगणों को नैनपुर एवं केवलारी में तलाश किया गया, जो विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण लुकते छुपते हुये मिले जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ पर आरोपीगणों द्वारा अपराध स्वीकार करना और पुलिस द्वारा पीछा करने पर स्विफट कार को छोडकर भाग जाना बताया।

आरोपीगणों ने पूछताछ में दिनांक 01/10/2024 को रात्रि में थाना लखनवाडा क्षेत्र में एक ट्रक से लूट करना भी स्वीकार किया है। आरोपीगणों को गिर फतार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी (1) गोविंद पिता रघुनंदन विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी नैनपुर (2) रितेश पिता सुखराम झारिया उम्र 28 साल निवासी नैनपुर (3) रमेश पिता दशरथ विश्वकर्मा उम्र 28 साल निवासी पिंडरई जिला मंडला जप्तीः- 1- सफेद रंग की बिना नंबर स्विफट कार कीमती 500000। (03) प्लास्टिक की कैनो मे भरा 100 लीटर डीजल कीमती 10000/- (दस हजार रुपये) 3- एक देशी कटटा, दो जिंदा कारतूस (कीमती करीब 10 हजार रूपये) 4- डीजल टैंक तोडने का कटर, पाईप सराहनीय कार्य थाना प्रभारी बंडोल उपनिरी, अर्पित भैरम, सउनि. जसवंतसिंह ठाकुर, सउनि देवेन्द्र जायसवाल, प्र. आर. अमर उईके, प्र0आर0 बालमुकुंद, आरक्षक नीरज राजपूत, नितेश धुर्वे एवं 100 डायल चालक यशवंत नामदेव की प्रमुख भूमिका रही।



# भीषण आगः 20 किसानो की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

समुचा देश भगवान राम का जन्मोत्सव मना रहा है ओर क्षेत्र का अन्न दाता खेतो मे लगी भीषण आग बुझाने की नाकाम कोशिश कर आशु वहा रहा था। दिनांक 6 अप्रैल की भरी दोपहरी मे राजस्व अनुभाग क्षेत्र के ग्राम खापा और देहवानी में 15-20 किसानो की फसल लगभग 100 एकड़ की में जलकर रांख हो गई है।आग लगने की सूचना मिलने पर महेश अग्रवाल एसडीएम पुरे अमले के साथ गांव पहूंचकर एक एक खेत का अवलोकन कर पटवारी आर आई को सर्व कर आरबीसी 6(4) के तहत प्रकरण बनाए जाने का निर्देश दे दिये।साथ ही किसानो की वेदना को समझते हुये पीडित किसानो के घर जाकर सांत्वना देकर हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया।

# पागल कुत्ते का आतंकः चार बच्चों समेत महिला को काटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तहसील मुख्यालय घंसौर में अनियंत्रित हो रही आवारा कुत्तों की संख्या पर कोई लगाम नहीं लगाई जा रही है जिसके कारण घंसौर के गली मुहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या यकायक बढती जा रही है, गली मुहल्ले में कुत्तों का झुंड घूमता रहता है आलम यह है कि रात्रि में यदि कोई व्यक्ति या बच्चा अकेले इस झुंड के सामने आ जाये तो कुत्ते हमला करने से नहीं चूकते। गत दिवस घंसौर मुख्यालय में एक पागल कुत्ते का आतंक दिन भर देखने को मिला जब कुत्ते ने चार बच्चों सहित एक महिला को काट दिया, जिनमें दो स्कूली बच्चे भी बताये जा रहे हैं जो स्कूल से छुट्टी होने के बाद वापस घर लौट रहे थे पागल कुत्ते ने एक के बाद एक करके चार बच्चों समेत पांच लोगों पर हमला कर उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक गांव में कुत्ता हमला कर दूसरे गांव में पहुंचा और वहां भी हमला बोला। कुत्ते ने इस कदर आतंक मचाया कि लोग दहशत में आ गए जिसे लेकर लोग परेशान दिखे। कुत्ते के हमले से तीन बच्चे बुरी तरह से घायल हुए है। कुत्ते ने बच्चो के शरीर में कई बार काटकर बुरी तरह घायल कर दिया, हालांकि कुत्ते के हमले से घायल होने वालों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु लाया गया जहां रैबीज का इंजेक्शन दिया गया है। इन घटनाओं को अंजाम देने के बाद कुत्ता भागकर गायब हो गया। इसे लेकर लोगों में दहशत देखी जा रही है। घटना के बाद लोगों ने अपने-अपने बच्चों को घरों में कैद कर लिया। जब कुत्ते ने हिंसक होकर लोगों पर हमला कर दिया। पागल हो चुके कुत्ते के हमले की घटनाओं को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। घंसौर में बढ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर रोकथाम लगाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा उठाई जा रही है।

# वन विभाग ने सागौन से भरा ट्रक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



वन क्षेत्र में सागौन तस्कर और खनिज माफिया की धमक देखी जा रही है। पेंच के बफर और इससे सटे क्षेत्र से सामने आ रही खबरें बता रही हैं, कि जंगल की सुरक्षा पर जल्द ही ध्यान नहीं दिया गया, तो वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा पर भी खतरे के रूप में गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। रात के अंधेरे में कुरई वन सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में पोकलेन मशीन चलाकर खनन किया जा रहा है। जबकि वन अमले को इसकी खबर नहीं रहती है। जब ग्रामीण शिकायत कर कार्रवाई के लिए दवाब बनाते हैं, तब कहीं जाकर वन अमला सक्रिय होता है, लेकिन चला कि मृतक सतीश एक डंपर में सो गया था। हिरीं नदी में चालक आरोपी बगलई निवासी सुरेश (42) रेत भरने के लिए डंपर नदी किनारे पोकलेन मशीन के पास ले गया। आरोपी पोकलेन चालक उगली थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी महेश मानेश्वर (31) ने डंपर में रेत भर दिया। दोनों को इस वाहनों को हिरासत में लेने के बाद भी कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने से परहेज किया जा रहा है। इससे ग्रामीण वन परिक्षेत्र अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं। की गई कार्रवाई के सम्बंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल धारू कुछ भी बताने के बजाए डिप्टी रेंजर, नाकेदार बताएंगे, कह रहे हैं। बात की खबर नहीं थी कि डंपर में युवक सो रहा है। ऐसे में युवक की रेत में दबने से मौत हो गई। दोनों आरोपियों की लापरवाही के चलते युवक की जान चली गई। पुलिस ने धारा 105 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फर्राटे की रफ्तार सड़क पर ओवरलोड होकर दौड़ रहे वाहन, हादसों को दे रहे न्यौता

**नगर में अगर आप सरिया अन्य सामाग्री लदे वाहन के पीछे चल रहे हैं तो आपको सावधान होकर चलने की जरूरत है। शहर सहित अंचल में वाहनों से बाहर निकलते सरिया अन्य सामाग्री से आपकी जान को खतरा हो सकता है। लखनादौन शहर की सडक़ों पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ऐसे वाहनों को देखा जा सकता है। इस कारण लोगों को दुर्घटना के साथ जान का खतरा भी बना ही रहता है।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर की सडक़ों पर वाहनों में बाहर तक लोहे के सरिया निकालकर धड़ल्ले से इनका परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद भी मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों को ताक पर रखकर सडक़ों पर इनको ले जाया जा रहा है। संबंधित विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। प्रतिदिन कई ट्रैक्टर-ट्रालियां, मैजिक, ट्रक आदि लोडिंग वाहनों में भारी सामान ओवरलोड करके लखनादौन नगर में लाया जा रहा है। इन वाहनों की बाडी में से बाहर कई फीट दूरी तक लोहे की चद्दरें, सरिये, लोहे के पाइप आदि निकले हुए रहते हैं। जब इन भारी व नुकीले सामान से लदा लोडिंग वाहन सडक़ों पर दौड़ता है या दौड़ते हुए अचानक ब्रेक लगाता है तो पीछे से आने वाले अन्य वाहन व उनमें बैठे चालकों के शरीर में भारी व नुकीले सामान के घुसने की संभावना बढ़ जाती है। बावजूद इन वाहनों व उनके चालकों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा।

मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार वाहनों में उसकी क्षमता और लंबाई से अधिक परिवहन नहीं किया जा सकता। लोडिंग किए जाने वाला सामान वाहनों की लंबाई के बाहर नहीं निकलना चाहिए। लोहे के सरिया को वाहन में परिवहन करते समय वे बंधे होने चाहिए। वाहन में पीछे की ओर रेड सिग्नल होना चाहिए, जो रात में भी दिखाई दें। एक्ट का उल्लंघन करने पर धारा के अंतर्गत प्रति फीट के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा।

### नियम की परवाह नहीं

नियम की परवाह किसी को नहीं है। नो एंट्री की परवाह किए बिना वाहनों से बाहर निकले सरिए की ढुलाई की जा रही है। खासतौर से चौक चौराहों पर भीड़ वाले इलाकों में भी सरिया से लोड वाहन निकाले जा रहे हैं। लोहे के सरिए से लदे हुए वाहन कहीं भी पाक किए जा रहे हैं जिसमें संके तक भी नहीं है।

# बरघाट में विधि-विधान से मंदिरों में हुआ ज्वारे का विसर्जन

**चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान नगर के विभिन्न सिद्धपीठ देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का रविवार को विसर्जन हुआ। यह विसर्जन देर रात तक चला। परंपरा के अनुसार रामनवमीं के बाद भक्ति-भाव के साथ जवारे का विसर्जन किया गया।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बरघाट।

बरघाट नगर के देवी मंदिर में स्थित ज्वारों का विसर्जन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शारदा मंदिर के जवारे भी रामनवमी के दिन विसर्जित हुए। शारदा मंदिर में खप्पर व मनोकामना कलश स्थापित किए गए थे। देवी मंदिर प्रागंण में जवारे विसर्जन के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भक्तगणों ने भंडारा महाप्रसाद ग्रहण किया।

महाआरती का आयोजन - देवी मंढिया मंदिर में चैत नवरात्र पर्व के अवसर पर शनिवार को शाम को महाआरती का आयोजन किया गया था। मंदिर मे बड़ी संख्या पर महिलाओं और नवैयुवतिया ने दिए की थाल सजाकर पहुंची। मंदिर के साथ पूरा क्षेत्र इस महाआरती की गूंज से गुजायमान हो गया। इसके पूर्व शनिवार की सुबह देवी मढिय़ा मंदिर में अष्टमी पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया व दोपहर को हवन पूजन का कार्यक्रम समपन्न हुआ।



# नेशनल हाईवे 44 पर कार और बाइक की भिडंत, एक गंभीर घायल

**सिवनी** जिले के घुनई गांव के पास रविवार दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे 44 पर कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार कन्हैया प्रसाद डेहरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। छपारा थाना पुलिस के मुताबिक, कन्हैया प्रसाद गणेशगंज की तरफ जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रत्यक्षदर्शियों ने छपारा पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचित किया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवर ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, लेकिन लोगों की लापरवाही के कारण इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं।

# नवीन सीसी सडक़ मार्ग को लेकर केवलारी एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**केवलारी।** वार्ड नंबर 13 में नवीन सीसी सडक़ मामले को लेकर एसडीएम केवलारी ने दिए जांच के आदेश, शिकायतकर्ता की उपस्थिति में 7 दिवस के अंदर पंचनामा संबधित कार्यालय सौंपने के आदेश हुए। शासन की राशि का दुरुपयोग करने के लिए नगर परिषद केवलारी के कुछ ठेकेदार की मनमानी चरम सीमा में है। जहां विकास क्षेत्र को लेकर जनता ने विश्वास जताया था लेकिन सीसी सडक़ों की यह हाल है इसमें सीमेंट पूल उड़ती हुई नजर आ रही है।

हम बात कर रहे हैं केवलारी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 की सिवनी मंडला रोड से वेनगंगा नदी रोड तक पूरी तरीके से गुणवत्ता विहीन कार्यों की रूप में नजर आ रही है जिसको लेकर काफी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी लग रही है। लेकिन आज दिनांक तक इस रोड को नवनिर्माण होते हुए भी कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है ना ही कोई उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक इस सीसी रोड में की गई है जिसको लेकर नगर वासियों पर रोष व्याप्त है।

जबकि उचित निर्माण में सीसी सडक़ों का निर्माण सीमेंट, पानी और समुच्चय के मिश्रण का उपयोग करके किया जाता है, जिन्हें एक कठोर और मजबूत सतह बनाने के लिए संकुचित और ठीक किया जाता है। कंक्रीट निस्संदेह निर्माण उद्योग में एक गेम चेंजर है, जो विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए एक कठिन, मजबूत और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है। आम जनमानस के लिए सडक़ों का बनाकर वहां के रहवासियों के लिए एक बेहतर व्यवस्था के लिए शासन कई करोड़ राशि खर्च करती है लेकिन नीचे तक पहुंचने पर आज भी पारदर्शिता होने के बाद भी कहीं ना कहीं शासन की राशि का दुरुपयोग लोग आसानी से कर ही जाते हैं। सौसी सडक़ो के निर्माण कार्य पर नगर परिषद के जिम्मेदारों पर अब **प्रश्न खड़े हो रहे है।**

### गुणवत्ता विहीन

सडक़ो में शासन की राशि के दुरुपयोग और आम जनमानस को मिलने वाली सुविधा में दुविधा के सहभागी नगर के उपयंत्री सीएमओ तथा ठेकेदार बने हुए नजर आ रहे हैं। सीसी रोड में क्रेशर गिट्टी का खर्च बचाने के लिए फर्शी गिट्टी का उपयोग बीच-बीच में कर दिया जाता है या क्रेशर गिट्टी और फर्शी गिट्टी का मिलावट कर दिया जाता है। इसके अलावा क्रेशर गिट्टी से कहीं सस्ती बेस बोल्डर गिट्टी का भी उपयोग कर दिया जाता है, जिससे सीमेंट की मजबूत पकड़ लंबे समय के लिए नहीं रहती।

### एसडीएम केवलारी द्वारा जांच दल गठित

एसडीएम केवलारी के द्वारा केवलारी जिला सिवनी के द्वारा वार्ड नम्बर 13 नगर परिषद केवलारी में राम पेट्रोल पंप से छोटा बैनगंगा पुल तक बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच किये जाने के सम्बंध में शिकायत होने पर जांच के निर्देश दिए गए है जिसमें शिकायत की जांच हेतु जांच दल गठन किया गया है एस.एस. चौकसे अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स) केवलारी अतीक खान, उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा केवलारी, भोपाल सिंह बघेल सहायक ग्रेड-3. कार्या उपवनमण्डल केवलारी (सा.), उपरोक्त दल मौका स्थल जांच कर संयुक्त हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा के संकलित कर स्पष्ट अभिमत सहित 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए है। इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। वाइब्रेटर चलाने से कांक्रीट सही तरह से ठोस रूप से जमता है। इससे मसाले की खपत कुछ हद तक बढ़ती है, जिसे बचाने के लिए वाइब्रेटर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 13 में नई सीसी रोड से उड़ रही धूल भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। वार्डवासियों का मानना है कि सडक़ की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से निर्माण कराया गया है। सडक़ निर्माण में दाब गुणवत्ता लाने के लिए वाइब्रेटर का उपयोग करना जरूरी होता है जिससे सडक़ में मजबूती बनी रहे लेकिन इन मूलभूत संशाधनों को दरकिनार किया गया है।



### नौ दिन हुआ कन्या भोज का आयोजन

सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड में श्रीमती सोनल रोहित सक्सेना के निवास पर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन कन्या भोज का आयोजन हुआ प्रतिदिन कन्याओं को उपहार स्वरूप चुनरी एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की गई।

### बोथिया में तीन दिनों से नलजल योजना बंद, बिजली विभाग की कमाऊ पूत नीति से क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया

**केवलारी**- नगर परिषद के अम्बेडकर बार्ड नं 4 बोथिया पेयजल संकट से जुझ रहा है।बीते 3 दिनो से नलजल योजना का जल स्त्रोत ट्यूब बेल का वाटर लेबल डाउन होने से नल-जल योजना पुरी तरह से बंद हो गयी ।केवलारी क्षेत्र का बोथिया ऐसा गांव है जो बैनगंगा नदी के समीप बसा है जहां पर प्रति बर्ष बर्षा काल मे बांध से पानी छोडने के बाद आधा गांव डुब जाता है। बोथिया -ग्राम मे नल जल योजना 1996 के आसपास अस्तित्व में आयी थी 28 बर्ष से संचालित नल जल योजना के जल स्त्रोत का अप्रैल के पहले ही सप्ताह में ही वाटर लेबल का कम हो जाना । बिजली विभाग की कमाऊ पूर्ण नीति का परिणाम हैं ? अंधाधुंध बिजली कनेक्शन देकर क्षेत्र की जीवन रेखा बेनगंगा, सागर नदी के साथ विभिन्न जल स्त्रोतों का दोहन हुआ नदी नाले सुख गये ,जल चर जीवो की सरेआम हत्या करवा दिया गया । नदी नालो से हुयी बेकाबू सिंचाई से क्षेत्र के अनेक गांवो मे पानी की बिकराल समस्या उत्पन्न हो गयी।

## महिला ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

# महिला से छेड़छाड़ मगर, पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी। पड़ोस में मेहमानी करने आए करीब 45 वर्षीय शख्स ने एक आदिवासी महिला के साथ कथित तौर पर बुरी नियत से छेड़छाड़ करते हुए दुराचार का प्रयास किया है. आरोपी शख्स ने महिला और उसके पुत्र के साथ जमकर मारपीट की है. जिससे महिला को हाथ और पुत्र को सिर पर गहरी चोट आई है. यह पूरी वारदात 02 अप्रैल को कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में घटित हुई है. पीड़ित महिला ने कटंगी थाने में इस पूरी वारदात की शिकायत दर्ज करवाई है. लेकिन पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध जो कार्रवाई की है उससे पीड़ित महिला बिल्कुल भी संतुष्ठ नहीं है. महिला ने पुलिस पर घटना कारित करने वाले आरोपी को बचाने का आरोप लगाया है. दरअसल, महिला का यह आरोप है कि उन्होंने थाने में



मारपीट के साथ ही आरोपी के द्वारा लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर बल प्रयोग करने और बीच बचाव करने आए बेटे के सिर पर डंडे से हमला करने की शिकायत दर्ज करवाई थी. पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र भलावी निवासी कुरकुटी थाना बरघाट जिला सिवनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गाली-गलौज और मारपीट के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2), 351 (3) की कार्रवाई की है लेकिन एक महिला की लज्जा भंग करने का प्रयास का एफआईआर में जिक्र नहीं किया और आरोपी को तत्काल छोड़ दिया. जिससे आरोपी के हौंसले बुलंद है और वह अब पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है.

पीड़ित महिला ने बताया कि उन्होंने 02 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी लेकिन 05 अप्रैल को एफआईआर की कॉपी प्रदान की गई. जब उन्होंने एफआईआर की कॉपी में अपराध का विवरण देखा तो वह भी दंग रह गई. एफआईआर में छेड़छाड़ और दुराचार के प्रयास का जिक्र नहीं था. पुलिस ने जानबुझकर आरोपी के खिलाफ एक महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज नहीं किया है. महिला ने पुलिस पर यह आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके बताए मुताबिक रिपोर्ट लिखने की बजाए अपने मनमुताबिक रिपोर्ट लिख ली. जबकि वास्तविक घटना पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. पीड़ित महिला के मुताबिक जिस दिन रिपोर्ट दर्ज की गई उसी दिन एफआईआर की कॉपी प्रदान नहीं की गई. उन्हें घटना दिनांक और रिपोर्ट के 04 दिन बाद एफआईआर की कॉपी प्रदान की गई जैसे ही यह कॉपी महिला के हाथ लगी और उन्होंने पढ़ा उनके होश उड़ गए. महिला ने बताया कि आरोपी उनके पड़ोस में आया हुआ था जब वह अपने घर पर पोछा लगा रहे थी तभी आरोपी आया और पानी मांगा जब पानी लेकर आई तो बुरी नियत से खींचतान करने लगा तो घर के पीछे मौजूद बेटा दौड़कर आया और आरोपी के चुंगल से अपनी मां को छुड़ाया इस दौरान आरोपी ने एक डंडे से महिला के पुत्र के सिर पर हमला कर दिया जिससे पुत्र के सिर पर गहरी चोट आई है.

## सामूहिक श्रमदान व रैली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट । कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान की सक्रियता निरंतर बनी हुई है। इसी कड़ी में जन अभियान परिषद विकासखंड वारासिवनी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेहंदीवाड़ा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता छात्रों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया गया। जिसमे हैंडपंप के पास की साफ सफाई कर रैली निकाली गई। साथ ही सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान सुरेंद्र कुमार भगत विकासखंड समन्वयक, सावित्री राणा (परामर्शदाता), सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता सेजल चौधरी, रंजिता टेकाम और ग्रामीणो की उपस्थिति रहीं।



## उकवा मे जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत एकदिवसीय चौपाल बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज उकवा।

उकवा / 04अप्रैल 2025 को ब्लॉक परसवाडा ग्राम पंचायत उकवा के ग्राम उकवा मे जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन जी के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक संतोष नगपुरे जी के मार्गदर्शन में ग्राम उकवा में जल गंगा संवर्धन अभियान* के तहत ग्राम उकवा मे एक दिवसी ग्राम संगोस्टी व चौपाल बैठक कार्यक्रम रखा गया जिसमे नवांकुर संस्था से अध्यक्ष धुरवंती यादव सचिव सुषमा चौधरी उपध्यक्ष ममता मलधारी जी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष मुरलीधर नर्शवानी सचिव उषा गिरे समिति सदस्य रामबती उयके छाया रुपाली आरती के साथ ग्रमीण जन व परामर्शदाता-सोहेन्द्र पंचतिलक उपास्थित रहेछात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।



## नए पोर्टल 2.0 से गर्भवती, प्रसूता महिलाओ तथा शिशुओं की निगरानी और टीकाकरणका उचित प्रबंधन -डॉ अक्षय उपराडे

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी/ लांजी सिविल हॉस्पिटल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय द्वारा जानकारी दी गई की राज्य शासन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालाघाट के आदेशानुसार गर्भवती, प्रसूता महिलाओ तथा शिशुओं की निगरानी और टीकाकरण का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए नए अनमोल पोर्टल संस्करण 2.0 को 07 अप्रेल से लागु किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से महिलाओ शिशुओं का पंजीकरण, गर्भावस्था में निगरानी, समय पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। नवजात के स्वास्थ्य की निगरानी, टीकाकरण की स्थिति को डिजिटल रूप से ट्रेक किया जाना निर्धारित होगा। जिसमे यूनिक आरसीएचआईडी बनाई जाएगी, जिसके लिए महिला एवं पति दोनों की समग्र आईडी होना अनिवार्य है, गर्भवती महिला की



समग्र आईडी उसके पति के परिवार आईडी में जुडी होना अनिवार्य है तथा पति व पत्नी की समग्र आईडी आधार कार्ड से लिंक इकेवायसी होना अनिवार्य है साथ ही आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक होना डीबीटी इनेबल्ड होना अनिवार्य किया गया है, प्रसव पश्चात 30 दिवस के अंदर प्रसव की एंट्री सम्बंधित स्वास्थ्य के में अनिवार्य रुप से हो जाना चाहिए, इन नियमो को पूर्ण करने पर ही महिला को जननी सुरक्षा योजना एवं सम्बल पात्र महिलाओ को प्रसूति सहायता योजना का लाभ मिल सकेगा । गर्भवती महिलाओ, प्रसूता महिलाओ शिशु की जाँच उपचार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रो में मुफ्त उपलब्ध है, साथ ही सम्पूर्ण टीकाकरण का लाभ भी हितग्राही महिला व शिशु को टीकाकरण दिवस पर दिया जाता है । नए अनमोल पोर्टल संस्करण 2.0 के उचित संचालन की प्रक्रिया हेतु उप स्वास्थ्य केन्द्रो में पदस्थ एएनम, सीएचओ, तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर को जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा चूका है । डॉ अक्षय उपराडे खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी क्षेत्र की समस्त लक्ष्य दम्पतियो एवं माताओ से अपील की है की वे अपने निकटतस्थ स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारियों से संपर्क कर निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए शाशन की सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं सम्पूर्ण टीकाकरण अभियान को सफल बनाए।

## भाजपा स्थापना दिवस पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने आवास पर फहराया पार्टी ध्वज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट । भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के



विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने अपने गृहग्राम अंसेरा स्थित निवास पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विधायक श्री पारधी ने कहा कि यह दिन हमें संगठन की मूल भावना, 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प तथा सेवा, समर्पण और संघर्ष के मार्ग की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि यह करोड़ों कार्यकर्ताओं की आस्था और राष्ट्र के लिए समर्पित विचारधारा का प्रतीक है।स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति निष्ठा और सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## मां किरनाई मंदिर से ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर कराया गया जल दर्शन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर। मां किरनाई मंदिर किरनापुर में मां शारदेय नवरात्र पर्व के चलते पूरे नौ दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन होते रहे। वहीं 06 अप्रैल को नवमीं पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। नगर के प्रमुख माता मंदिरों में एक दिन पूर्व अष्टमी को हवन-पूजन कर मातारानी को अठवाई चढ़ाकर कन्यापूजन कर कन्याभोज कराया गया। वहीं नवमीं में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर समीपस्थ बड़ा तालाब में जल से

**कलशों को विसर्जन किया गया।**

नवममीं के अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों में स्थापित ज्योति कलश विसर्जन के लिए शोभायात्रा के साथ निकाले गए। मां किरनाई मंदिर से ज्योतिकलश विसर्जन के लिए शहनाई ढोल की धुन के साथ शोभायात्रा के रुप में निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए स्थानीय तालाब जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कलश विसर्जन किया गया।

घरों में स्थापित किए गए ज्योतिकलश और जवारे क भक्तिभाव के साथ विजर्सन किया गया। इसके बाद समीपस्थ जलस्त्रोतों में घट और ज्वारे का विसर्जन किया गया। विदित हो कि नवरात्र पर्व के चलते पूरे नौ दिनों तक घरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम, जस, देवी गीतों की संगीतमयी प्रस्तुति दीआराधना-उपासना के महापर्व नवरात्र की नवमीं पर मां किरनाई के दरबार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्रभर से श्रद्धालु भक्तों ने हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर मातारानी व मनोकामना ज्यातिकलशों के दर्शन कर मां जगतजननी से आशीर्वाद लिया। मां किरनाई मंदिर में प्रज्जवलित किए गए 254 ज्योतिकलशोंकी शोभायात्रा निकाली गई। सांध्यबेला में मनोकामना ज्योति कलशों को स्थानीय बड़े तालाब में जलदर्शन कराया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

## लालबर्रा थाना बना रसूखदारों का सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

**गरीब मजदूर को बेरहमी से पीटा गया,एफआईआर के बाद भी पुलिस बनी मूकदर्शक,आरोपी खुलेआम घूम रहा!**




लालबर्रा। क्या लालबर्रा थाने की पुलिस निष्पक्ष न्याय की भावना को कुचल रही है? क्या थाने की दीवारों के भीतर अब इंसाफ नहीं,बल्कि साजिशें बुनी जाती हैं?यह सवाल तब और तीखा हो उठता है,जब एक गरीब मजदूर की दर्ज एफआईआर के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं होती,और पीड़ित को अकेले ही अपने जख्मों के साथ न्याय की भीख मांगनी पड़ती है।

ग्राम अवल्याकन्हार के सतीश नागेश्वर पिता पवरलाल,जो कि दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता है,ने 4 अप्रैल दिन शुक्रवार की रात थाने में गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी।उन्होंने बताया कि गांव के ही राधेश्याम सोनवाने ने पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर न केवल उसे मां-बहन की भद्दी और अश्लील गालियां दीं, बल्कि सरेआम हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटा और लगातार झापड़ बरसाए और तो और खुलेआम जान से मारने की धमकी दी।

इस हमले में सतीश की गर्दन के दाहिने भाग में नाखुन के गंभीर चोट आई है और बाएं हाथ में तेज दर्द अभी भी बना हुआ है। यह शर्मनाक घटना उसके पिता पवरलाल नागेश्वर की आंखों के सामने घटी,जिन्होंने बेटे को बचाने की भी कोशिश की,लेकिन हमलावर का आक्रोश रुकने का नाम नहीं ले रहा था।

**पुलिस की संदिग्ध चुप्पी –क्या आरोपी से हो चुकी है 'डील'**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध तो कर लिया,लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी,न पूछताछ,न ही कोई सख्त कार्रवाई हुई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी से 'अंदरखाने सौदा' कर लिया है और जानबूझकर पूरे प्रकरण को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है। अगर ऐसा नहीं है,तो फिर एक गंभीर अपराध में आरोपी को खुला क्यों छोड़ा गया है? क्या पुलिस कानून के नहीं, बल्कि पैसों और प्रभाव के दबाव में काम कर रही है?

**गरीब की आह और सिस्टम की खामोशी**

सतीश नागेश्वर जैसे गरीबों के लिए न्याय अब एक सपना बनता जा रहा है। जिन कंधों पर सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी है,वही कंधे अगर आरोपी के पक्ष में झुक जाएं, तो पीड़ित कहां जाए? अब देखना यह है कि लालबर्रा थाना अपनी निष्क्रियता की चादर ओढ़े सोता रहता है या जनता के आक्रोश से पहले जागता है।

# नगर के सभी माता मंदिरों से निकली भव्य ज्वारा कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया पूजन, गणेशी तालाब पर हुआ विसर्जन**





लाँजी। चैत्र नवरात्रि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। यह पर्व मातारानी की आराधना और शक्ति उपासना का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तजन मां दुर्गा की प्रतिमा या कलश की स्थापना करते हैं और फिर आने वाली नवमी तक मातारानी की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है।

फिर, नवमी तिथि को कलशों का विसर्जन किया जाता है। यह प्रक्रिया बेहद शुभ मानी जाती है और इसे शास्त्रों में विशेष विधि से करने की सलाह दी गई है। कहते हैं, सही तरीके से कलश विसर्जन करने से मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी तारतम में धर्म की नगरी लाँजी में नवमीं का दिन धूमधाम से मनाया गया. नवरात्र के अंतिम दिन नगर के सभी मातारानी के दरबार में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन किया गया. मंदिर परिसर में प्रज्जवलित किए गए मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं ने अपने सिर पर रखकर पूरे विधि विधान के साथ लाँजी नगर के गणेशी तालाब में विसर्जन किया. लाँजी नगर के माँ काली मंदिर दुर्गा मंदिर, मां शीतला मंदिर, माँ लंजकाई मंदिर, मां दुर्गा मंदिर नीमटोला, मां शीतला मंदिर दखनीटोला टोला सभी मंदिरों से ज्योति कलश यात्रा निकाली गई और देर रात तक लांजी नगर परिषद के समीप स्थित गणेशी तालाब में पहुंचकर माता रानी की आरती के साथ कलशों को जल दर्शन कराया गया और पुनः वापस मंदिर की ओर प्रस्थान किया गया।

**दर्शन करने लगा रहा तांता**

नगर के सभी माता मंदिरो के दरबार से निकली ज्योति कलशों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंचकर मां के दरबार में लगातार माथा टेकते रहे. वहीं श्रद्धालु देर रात तक विसर्जन यात्रा निकलने का इंतजार करते रहे. वहीं विसर्जन यात्रा के लिए करीब एक घंटे तक मार्गो का आवागमन रोक दिया गया.

**मां लंजकाई के प्रति है गहरी आस्था**

हर साल नवरात्र में लाँजी में क्षेत्र के श्रद्धालुओ के साथ ही दूसरे राज्यों से भी लोग माता रानी के दर्शन को आते हैं. माना जाता है कि मां लंजकाई यहां आने वाले सभी भक्तों की मुरादें पूरी करती हैं. मां लंजकाई के प्रति लोगों में गहरी आस्था है और यही वजह है कि नवरात्र में यहां हजारों की संख्या में भीड़ देखने मिलती है.

**पुलिश की चौक चौबंद रही व्यवस्था**

लाँजी में नवरात्र पर्व के दौरान प्रज्वलित मनोकामना ज्योति कलशो को जल दर्शन करने हेतु कलश विसर्जन यात्रा निकल गई इस दौरान लाँजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी द्वारा मंदिरों में एवं मार्गो में पुलिस बल तैनात कर महिला आरक्षक की नियुक्ति भी की गई । वहीं जवारे विसर्जन के दौरान दुर्घटना से सुरक्षा का ध्यान रखते हुए जवारे विसर्जन मार्ग को पूरी तरह भारी वाहनों के आवागमन बंद कर दिया। गणेशी तालाब के चारों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, ऐसे में पुलिस के द्वारा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के इंतज़ाम किये गए थे.

## लालबर्रा में किया गया भीमआर्मी भारत एकता मिशन का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट । 6अप्रैल रविवार को लालबर्रा के बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन में भीम आर्मी भारत एकता मिशन का पुनर्गठन किया गया, जिसमे सर्वप्रथम तथागत बुद्ध एवं संविधान शिल्पकार डॉक्टर बाबासाहेब अम्बेडकर ज़ी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर संभाग अध्यक्ष निलेश बौद्ध जिला अध्यक्ष रितेश बोरकर जिला सचिव व प्रवक्ता जीतू सी एन बौद्ध के मुख्य आतिथ्य में ये बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में भीम आर्मी के संघर्षो एवं बहुजन महापुरुषों की विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने एवं वर्तमान में हो रहे बहुजन समाज की हकमारी और उसके निराकरण पर व्यापक चर्चा की गयी।



बैठक में तहसील अध्यक्ष संजीव राव,महासचिव विजय कांगड़े,उपाध्यक्ष अशरफ खान, सत्यशील मेश्राम मनोनीत किये गए।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष रितेश बोरकर ने बताया की बहुत जल्द आगामी समय में भीम आर्मी महिला विंग और भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेसन का भी गठन किया जाएगा और तहसील लालबर्रा के समस्त गाँव में भीम आर्मी की ग्रामीण शाखाए तैयार की जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से विशाल वैध, साहिल मेश्राम, राजेंद्र मेश्राम,राहुल कौसले, नंदनी गजभीये, शफीक खान,प्रशांत रंगारे, सुभम गेड़ाम, अंकित बोरकर,नवनीत बोरकर, दिपेन्द्र हुमनेकर के साथ अन्य साथि उपस्थित रहे।

# घरों को साफ करने वाले हाथों को मिला सम्मान, बच्चों को मिली मुस्कान सेवा और संवेदना का सुंदर संगम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट | 5 अप्रैल 2025 जीवन की तपती दोपहरी में जब उम्मीद की एक ठंडी छांव मिलती है, तो वह सिर्फ राहत नहीं होती – वह उम्मीद होती है। आज बालाघाट जिले के भरवेली ग्राम टेकाड़ी में झाड़ू बनाकर जीवनयापन करने वाले परिवारों के लिए ऐसा ही एक उम्मीद भरा दिन था। आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (म.प्र.) के सौजन्य से और जन सहयोग के माध्यम से इन परिवारों को नवीन वस्त्र तथा उनके बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। ये केवल कपड़े और खिलौने नहीं थे – ये उन सपनों की पहली झलक थे, जो अब तक सिर्फ आँखों में पलते थे। जहाँ एक ओर गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे नई-नई जगहों पर घूमने, नई चीजें पाने की खुशियों में मग्न होते हैं, वहीं दूसरी ओर यह जो रोज़मर्रा की जरूरतें भी संघर्ष से पूरी करता है, उन खुशियों से अछूता रह जाता है। इसी अंतर को मिटाने की एक कोमल कोशिश थी यह सेवा – ताकि समाज के हर कोने में बचपन समान रूप से मुस्कराए। समिति



के एक सदस्य ने भावुक होकर कहा,हम केवल कपड़े और खिलौने नहीं बाँट रहे थे, हम यह विश्वास बाँट रहे थे कि कोई है जो उन्हें देख रहा है, समझ रहा है, और साथ खड़ा है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर जो चमक थी, उसने यह सिद्ध कर दिया कि समाज में अगर थोड़ी-सी भी संवेदना हो, तो बदलाव संभव है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे 'मानवता का सच्चा उत्सव' बताया। यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि जब सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी एक साथ आती है, तो न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि पूरा समाज समृद्ध होता हैं।